दिनांक 11 फरवरी 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मतदाता सूची तैयार करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी एवं बी.एल.ओ. को दिया गया प्रशिक्षण

- प्रशिक्षण में अनुपस्थित 16 कर्मचारियों को जारी किया गया कारण बताओ नोटिस

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई की प्रारंभिक मतदाता सूची तैयार करने एवं दावा आपत्ति प्राप्त करने के लिए तथा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की सहायता के लिए प्राधिकृत अधिकारी एवं बीएलओ के रूप में नियुक्ति करने के पश्चात इन्हें आज निगम सभागार में प्रशिक्षण दिया गया! मतदाता सूची तैयार करने से संबंधित प्रक्रिया की जानकारी डिप्टी कलेक्टर सुश्री दिव्या वैष्णव एवं अनुविभागीय अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा ने दी! प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर अंजय तिवारी एवं अरविंद तिवारी ने दिया! प्रशिक्षण में मतदाता सूची तैयार करने से संबंधित समस्त जानकारी के अलावा दावा/आपत्ति के निराकरण के लिए प्रारूप क, प्रारूप ख, प्रारूप ग एवं प्रारूप क-1 के विषय में जानकारी दी गई! प्राधिकृत कर्मचारी भिलाई निगम की मतदाता सूची तैयार करने, प्रारंभिक मतदाता सूची का आम लोगों को निरीक्षण कराने, दावा तथा आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित फार्म उपलब्ध कराने, फार्म भरने में मार्गदर्शन देने और प्रस्तुत दावा तथा आपत्ति को प्राप्त कर उन्हें आवश्यक प्रतिवेदन के साथ संबंधित अधिकारी को प्रस्तुत करने का कार्य करेंगे! इन सभी कार्यों के लिए नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में प्रशिक्षण आयोजित किया गया! नगर पालिक निगम, भिलाई के सभागार में दिनांक 11 एवं 12 फरवरी को समय 10:30 से 5:30 तक 3 चरणों में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है! प्रशिक्षण में मतदाता सूची तैयार करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी एवं बूथ लेवल ऑफिसर को संयुक्त प्रशिक्षण दिया गया! विभिन्न चरणों में आयोजित प्रशिक्षण में विधानसभा 66 वैशाली नगर से संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर एवं प्राधिकृत अधिकारी भिलाई निगम सभागार में उपस्थित रहे! परंतु कुछ कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है! ऐसे 16 कर्मचारी हैं जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है! अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर लोकेश बया, पंचशिला मेश्राम, दीप्ति मेश्राम, हेमप्रभा चंद्राकर, प्रभा बीरंजन, विनीता जनार्दन, वासु गेंडे, गौरी शंकर रावना, मनहरण पटेल, जलालुद्दीन रिजवी, ओशिका वाणी, निखत परवीन, लूभान टंडन, मिथिलेश मिश्रा, दिलीप चंद्राकर एवं रत्नमाला दुर्गे को कारण बताओ नोटिस जारी किया है! आज दिनांक 11 फरवरी 2021 को विधानसभा क्रमांक 66 वैशाली नगर के प्राधिकृत अधिकारी एवं बीएलओ को प्रथम चरण में समय प्रातः10:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक, द्वितीय चरण में 1:30 बजे से 3:00 बजे तक तथा तृतीय चरण में समय 3:30 बजे से 5:30 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया! इसी प्रकार से दिनांक 12 फरवरी 2021 को विधानसभा क्रमांक 65 भिलाई नगर के प्राधिकृत अधिकारी एवं बीएलओ को प्रथम चरण में समय प्रातः 10:30 बजे से 1:00 बजे तक, द्वितीय चरण में समय 1:30 बजे से 3:00 बजे तक एवं तृतीय चरण में 3:30 बजे से 5:30 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा! निगम उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने कहा है कि संबंधित बीएलओ एवं प्राधिकृत अधिकारी अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण में उपस्थित रहेंगे! प्रशिक्षण के दौरान निगम से वाई राजेंद्र राव, चंद्रपाल हरमुख, विनोद चंद्राकर, नवीन साहू, भूपेश्वर देशमुख सहित अन्य उपस्थित रहे!

जनसंपर्क अधिकारी